न्यायालय उपखण्ड अधिकारी भुसावर(भरतपुर)

पीठासीन अधिकारी का नाम — मनमोहन मीना RAS

प्रार्थना पत्र सं. 11 /2020 — दायर दिनांक :–09.07.2020

उनवान

तहसीलदार भुसावर बनाम रामसिंह

अन्तर्गत भू राजस्व अधिनियम 1956 धारा 136 शुद्धि

निर्णय दिनांक :– 09.07.2020

तहसीलदार भुसावर द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 एलआरए का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि ग्राम नरहरपुर तहसील वैर के आईलैण्ड खसरों को ग्राम बारौली तहसील भुसावर में स्थापित करना है ग्राम बारौली की नक्शा शीट में सम्बन्धित खसरों को दर्ज करने हेतु रिक्त आकृति ग्राम नरहरपुर से आने वाली आकृति के समान नहीं है ग्राम बारौली जमाबन्दी सम्वत् 2074 के मुताविक नवीन ख0 नं0 1020 रकवा 0.95 हैक्टर रामसिंह पुत्र देवीराम कौम बागडी ब्रा0 निवासी बारौली दर्ज है। नवीन ख0 नं0 1020 रकवा 0.95 हैक्टर का साविक खसरा नम्बर 755 रकवा 5.17 बीधा है। प्रतिलिपि नक्शा लठ्ठा सम्वत् 1985 के ख. नं0 755 व इससे लगती आकृति के अनुरूप नवीन नक्शा सीट सन् 2005 के खसरा नम्बर एवं इससे लगती आकृति को शुद्ध किये जाने बाबत् तहसीलदार भुसावर द्वारा निवेदन किया है।

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 एलआरए प्राप्त होने पर दर्ज रजिस्टर किया गया। पत्रावली का अवलोकन किया तथा प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 एल.आर.ए. एवं इसमें प्रस्तुत राजस्व रिकॉर्ड का अवलोकन किया गया एवं तहसीलदार भुसावर को सुना गया।

तहसीलदार भुसावर रिपोर्ट अनुसार वर्तमान में DILRMP के तहत तहसील में सेग्रीगेशन का कार्य चल रहा है और तहसील को DILRMP योजना के अन्तर्गत ऑनलाइन किये जाने हेतु आ रही तकनीकी खामियों को दूर करना अनिवार्य है।

अतः DILRMP योजना अन्तर्गत तहसील को आनलाइन करने हेतु अग्रिम आदेश तक अन्तरिम और अस्थाई रूप से तहसीलदार भुसावर द्वारा प्रस्तुत पृष्ठाकित प्रस्ताव अनुसार नक्शा लठ्ठा ग्राम बारौली सम्वत् 1985 के ख. नं0 755 की आकृति के अनुरूप नक्शा शीट ग्राम बारौली सन् 2005 के खसरा नं0 1020 की आकृति को शुद्ध करने की स्वीकृति एतद द्वारा जारी की जाती है यदि इस बावत किसी पक्षकार को आपत्ति हो तो वह सक्षम न्यायालय में वाद/अपील दायर कर अनुतोष प्राप्त कर सकता है।

पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम होवे। निर्णय सुनाया गया।

9/7/2020

(मनमोहन मीना)
उपखण्ड अधिकारी
भुसावर

TDR
DN
1441
9.7.20

165/4